# 'किसान और नौजवान कौम को एकजुट रहकर जन विरोधी कांग्रेस सरकार को 2023 में विदा करना हैं'

**जयपुर/झुंझनूं।** वीरों की धरती झुंझुनूं जिले के खेतड़ी में जन आक्रोश महासभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित करते हुये कहा कि, कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासन में 18 हजार से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम करके राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने वादाखिलाफी की पराकष्ठा की है, अब 2023 में किसान सरदारी का यही आक्रोश राजस्थान से कांग्रेस के पतन का कारण बनेगा।

उन्होंने कहा कि इस सभा में किसान सरदारों के बीच में, नौजवानों के बीच में अमर शहीद रामकुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। और आज पहली बार नहीं आया, बरसों बरस शहादत को नमन करने का यह अटूट रिश्ता शायद ऊपर वाले ने बनाया है। मेरे छोटे भाई समान धर्मपाल को इस शानदार आयोजन के लिये धन्यवाद देता हूं कि जिन्होंने मुझे एक पवित्र शहादत के स्थान पर बुलाया है। किसान सरदारों, नौजवान भाइयों आप लोग कितनी बड़ी ताकत और तादाद में आए, आपके मन में बहुत सारी उत्कंठाएं भी हैं, बहुत सारे प्रश्न हैं, बहुत सारी जिज्ञासा है और मन में बहुत सारा आक्रोश भी रहा होगा।

पूनिया ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि बहुत सारी यहां पर किसान बिरादरी है, मैंने जब तिरंगे का नाम लिया, आपके चेहरे पर खुशी आई, आपके चेहरे पर ओज आया, आपके रोंगटे खड़े हो गए, क्यों ना होते, इतने सारे लोग हो, कोई ऐसा शख्स नहीं है जो कि तिरंगे का मान नहीं करता हो। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से आज किसान सम्मान निधि 6 हजार रुपए साल के कोई कल्पना नहीं कर सकता, किसान के सीधे खाते में पैसे जमा हो जाएं, बैंक का खाता आज तो साधारण लगता है, लेकिन 2014 से 2022 के बीच में 45 करोड बैंक के खातों ने भ्रष्टाचार पर भी अंकुश खड़ा किया और गरीब को उसके हक का पैसा सीधे खाते में पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि आज में एक ऐसी किसानों की पंचायत में खड़ा हुआ हूँ, किसी से पूछूं कि 2018 में ऐसे भी लोग थे जिन्होंने यह कहा था कि 10 तक गिनती गिनेंगे और राजस्थान के सभी किसानों का पूरा कर्जा माफ कर दूंगा, किसी एक भी किसान का कर्जा माफ़ हो गया हो तो बताइए, प्रदेश के किसान राहुल गांधी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस झांसे में आ गये। मैंने विधानसभा में एक सवाल लगाया था और विधानसभा में राज्य सरकार को पूछा था कि कितने किसानों की जमीनें नीलाम हुई, इसी कांग्रेस पार्टी की सरकार का जवाब था कि 18 हजार से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम हो गयी, मैंने एक और सवाल पूछा कि कितने किसानों ने आत्महत्या की, उन्होंने आंकड़ा बताया कि लगभग 300 किसानों ने राजस्थान में कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली। प्रदेश में 70 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और नौकरी कितनों को दी है, 1 लाख से नीचे का आंकड़ा मुख्यमंत्री बताते हैं और 69 लाख बच्चों और उनके परिजनों पर क्या बीतती होगी। आप परिश्रम करते हो, उधार लेते हो, खेत गिरवी रखते हो, कुछ भी करते होंगे, लेकिन शहर में इस उम्मीद के साथ भेजते होंगे कि बच्चे को रोजगार मिलेगा, उस दिन आपके दिल पर क्या गुजरी होगी जब परीक्षा देने गया होगा और आपको पता लगा कि बच्चे का पेपर लीक हो गया, क्या यह पाप नहीं हैं।ब हनुमानगढ़ के नोहर में एक बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, जब पर्चा लीक हुआ तो उसने कहा कि मैंने इतनी मेहनत की थी मैं अपने मां-बाप को क्या मुंह दिखाऊंगा, इसलिए वह अपनी जिंदगी से खेल गया। आप लोगों को मजबूती के साथ में खड़ा होना होगा, क्योकि राजस्थान के साथ अब अन्याय बहुत हो लिया कांग्रेस सरकार में, यह अन्याय अब और ज्यादा नहीं सहेंगे, वो लोक-लुभावन बातें करेंगे, झूठ बोलेंगे, पाखंड करेंगे। मैं आपको सच कहने और जगाने के लिये आया हूं, यही जन आक्रोश है, कांग्रेस सरकार का बदलना तय है 2023 में, जो किसानों और युवाओं के इरादे से बदलेगी, मुझ पर आप निरंतर ताकत और आशीर्वाद बनाये रखें। इतने वर्षों में समझ जाओ कि आप कि कांग्रेस शासन में यह लूट और झूठ का खेल है, इसे बंद करेंगे।

पूनिया ने कहा कि कांग्रेस के लोग कोई भी बातें करेंगे, कोई भी नारे लगाएंगे, कुछ भी घोषणा करेंगे, वह सब थोती होंगी, उनकी तरफ ध्यान देने की जरुरत नहीं है, किसान और नौजवान कौम को एकजुट रहना है और जनविरोधी कांग्रेस सरकार को 2023 में विदा करना है।



खेतड़ी में जन आक्रोश सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित किया।

- मां-बाप परिश्रम करते हैं, उधार लेते होंगे, खेत गिरवी रखते होंगे, लेकिन उस दिन आपके दिल पर क्या गुजरी होगी जब बच्चा परीक्षा देने गया और पता लगा कि पेपर लीक हो गया, क्या यह पाप नहीं है : डॉ.सतीश पूनियां

# जाम्बिया में भारतीय उच्चायुक्त से की राजस्थान में निवेश पर चर्चा

- जाम्बिया में भारतीय उच्चायुक्त अशोक कुमार ने राजस्थान चैम्बर के सदस्यों के साथ निवेश एवं द्विपक्षीय व्यापार विकास पर वृहद चर्चा की

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इण्डस्ट्री में जाम्बिया में भारतीय उच्चायुक्त अशोक कुमार ने राजस्थान चैम्बर के सदस्यों के साथ भारत एवं विशेषकर राजस्थान में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की एवं दोनों देशों के मध्य आयात और निर्यात की अपार संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर राजस्थान चैम्बर के अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने राजस्थान चैम्बर में जाम्बिया में भारतीय उच्चायुक्त का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया एवं कहा कि जाम्बिया के साथ मुख्यत: जेम एण्ड ज्वैलरी स्टील खनिज पदार्थ खाद्य कृषि व कृषि आधारित उद्योग, दुग्ध उत्पादन आदि क्षेत्रों से जुड़े व्यापारियों के लिए व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। इसके अलावा उन्होंने निवेश की रणनीति पर भी अपने विचार रखे।

जान्विया में भारतीय के उच्चायुक्त ने राजस्थान के उद्योगपतियों को वहाँ निवेश की संभावनाओं की जानकारी देते हुए वहाँ निवेश करने हेतु आमंत्रित किया तथा उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जाम्बिया में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर राजस्थान चैम्बर के अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने राजस्थान की आर्थिक, व्यापारिक नीति और पर्यटन के संबंध के साथ ही राजस्थान चैम्बर की गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर राजस्थान चैम्बर के सदस्यों के अलावा जैम एण्ड ज्वेलरी एवं डेयरी व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों ने जाम्बिया में निवेश की संभावनाओं की चर्चा की। जाम्बिया में भारतीय उच्चायुक्त ने चैम्बर के सदस्यों को डेलिगेशन लेकर आने के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर राजस्थान चैम्बर के उपाध्यक्ष आर एस जैमिनी, राजीव जैन, मानद महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ. अरुण अग्रवाल, महासचिव आनंद महरवाल, आर पी बटवाडा एन के जैन एवं लोटस डेयरी के अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे तथा व्यापार व निवेश की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया।

# 'लोग पूछते हैं कि गहलोत-पायलट का क्या हुआ, तो हमें चुप्पी साधनी पड़ती है'

## मोहन प्रकाश बोले, '' ऐसे में सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा बंद हो जाती है''

- अधिवेशन में पायलट को बोलने का मौका नहीं दिया, स्वागत भी अंत में कराया गया
- एक ओर अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा था, तो दूसरी ओर बयानबाजी का दौर जारी था
- भाषणों में गहलोत को सरकार रिपीट का भरोसा, तो कार्यकर्ताओं ने सरकार की पोल खोली

**जयपुर, (का.प्र.)।** जयपुर में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान जहां राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राजस्थान में अनुशासन को प्राथमिकता देने की बात की, वही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोई भी सरकार के खिलाफ बात नहीं करें कि सरकार रिपीट नहीं होने वाली। लेकिन इन सब बातों से उलट कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने कहा कि हम जब लोगों से राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में बात करते हैं,तो उसके बाद अचानक कोई व्यक्ति बोल उठता है की योजनाएं तो ठीक है, लेकिन अशोक गहलोत और सचिन पायलट का क्या होगा। इसके बाद हमें चुप होना पड़ता है। यानी की पूरी की पूरी चर्चा और फीडबैक अशोक गहलोत और सचिन पायलट के झगड़े पर आकर ठहर गया।

दरअसल जिस दिन से राजस्थान में प्रभारी पद पर सुखजिंदर सिंह रंधावा आए हैं, वह अनुशासन को लेकर लगातार कह रहे हैं, कि उनके लिए अनुशासन सबसे पहले है, उसके बाद बाकी सारी बातें हैं। जब तक राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा चली,तब तक अनुशासन नजर भी आया, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान से गुजरने के साथ ही नेताओं की बयानबाजी शुरू हो चुकी है। जिनमें हरीश चौधरी, बद्री जाखड़ तो शामिल है ही, वहीं बुधवार को मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने भी पेपर लीक प्रकरण में सरकार पर निशाना साध दिया है। ऐसे में यह तो तय है कि अनुशासन किस तरह और कितना पार्टी में है, नजर आ चुका है।

इस बीच जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में रखे गए कांग्रेस अधिवेशन के दौरान जहां सबको साथ लेकर चलने की बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने की और दावा किया कि यदि सभी की बातें सुनी जाए और कार्यकर्ताओं की बात की जाए तो कोई कारण नहीं कि सरकार रिपीट नहीं हो सकती।

वही प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राजस्थान में अनुशासन की पालना को लेकर बड़ी बातें की, वही कहा कि जिसे भी शिकायत हो वह मुझे सीधे बात कर सकता है, तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कहा कि किसी को भी इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं हो रही।


इन सब बातें और भाषणों के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस चाहे जितने प्रयास कर ले जब तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट खेमे के बीच कोई राजनीतिक हल नहीं खोजा जाएगा तब तक राजस्थान में कांग्रेस सरकार का रिपीट होना शायद संभव नहीं होगा।

वैसे भी मंच पर जिस तरह से सिर्फ तीन नेताओं प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर गोविंद सिंह डोटासरा प्रभारी के तौर पर सुखजिंदर सिंह रंधावा और मुख्यमंत्री के तौर पर अशोक गहलोत की ही भाषण हुए और अन्य नेताओं को बोलने का मौका नहीं देकर पहले से तय किए हुए प्रतिनिधियों को मंच पर बोलने का मौका दिया गया।

यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि राजस्थान के तमाम मंचों पर सचिन पायलट को मौका दे दिया जाता रहा है,वही बुधवार को अधिवेशन में सचिन पायलट को बोलने का ना तो मौका दिया गया और जब अभिनंदन और स्वागत की बात हुई, तो भी अंत में उनका स्वागत किया गया। ऐसे में अधिवेशन के बाहर निकलते हुए अधिकांश लोगों की जुबान पर यही चर्चा थी कि आखिरकार सचिन पायलट को बोलने का मौका क्यों नहीं दिया गया। क्या कारण रहा कि सचिन पायलट का स्वागत भी सबसे अंत में किया गया।

इसी तरह से एक चर्चा और रही कि जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भाषण दे रहे थे,उस दौरान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा लगातार सचिन पायलट से चर्चा कर रहे थे। ऐसे में कांग्रेस नेताओं से लेकर कांग्रेस पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता भी लगातार कंफ्यूज रहे कि जिन सचिन पायलट को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा और जिन सचिन पायलट का स्वागत सबसे अंत में किया गया। आखिरकार मंच पर मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान प्रभारी उनसे बात करके क्या संदेश देना चाहते हैं।

# मोतीडूंगरी गणेशजी को लगाया पौषबड़े का भोग



मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव बुधवार को मनाया गया। मंदिर महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं को दौना प्रसादी वितरित की गई। दोपहर से शुरू हुआ प्रसाद वितरण का सिलसिला रात्रि नौ बजे तक चला।

# नकल गिरोह के सरगना ने 3-4 माह पूर्व खरीदी थी करोड़ों की प्रोपर्टी

- पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र की पत्नी व प्रेमिका समेत गिरफ्तार 6 लोगों में से पांच को रिमांड पर लिया, एक आरोपी को जेल भेजा

**जयपुर, (का.सं.)।** द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक गिरोह के मास्टर माइंड भूपेन्द्र सारण की पत्नी, उसके भाई की पत्नी और प्रेमिका सहित गिरफ्तार छह आरोपियों में से 5 को पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया है, जबकि एक आरोपी को जेल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से कई विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की 40 से ज्यादा फर्जी डिग्रियां व सर्टिफिकेट बरामद किये थे।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी भूपेन्द्र व उसके भाई गोपाल सारण ने तीन-चार माह पहले बगरू इंडस्ट्रीयल एरिया में 1500 वर्ग मीटर जमीन पर बनी हुई फैक्ट्री खरीदी थी। जहां पर यह लोग भी अपना कुछ काम शुरू करने वाले थे। करोड़ों रुपये की इस प्रॉपर्टी का खुलासा होने के बाद जयपुर पुलिस टीम आरोपियों से अन्य जानकारियां जुटाने में लगी है। यह जानकारी उदयपुर पुलिस के साथ ही साझा की जायेगी।

ज्ञात रहे कि जयपुर कमिश्नरेट की पुलिस टीम ने मंगलवार को करणी विहार क्षेत्र स्थित मकान पर दबिश देकर भूपेन्द्र सारण के 5 परिजनों भूपेन्द्र की पत्नी एलची सारण, उसके भाई गोपाल की पत्नी इंदुबाला, मोटाराम, दिनेश कुमार खीचड़, रमेश कुमार खीचड़ को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनके घर से राजस्थान यूनिवर्सिटी समेत कई राज्यों के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की 18 मार्कशीट जब्त की थी। इसी प्रकार भूपेंद्र की प्रेमिका प्रियंका विश्नोई के मानसरोवर स्थित मकान पर तलाशी में श्रीनगर की इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड वोकेशनल ट्रेनिंग बड़गांव (जम्मू-कश्मीर) की 9 मार्कशीट, हिमालय यूनिवर्सिटी ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश) की 3 मार्कशीट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग नागपुर की 8 मार्कशीट तथा ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चुरू की दो मार्कशीट बरामद हुईं थी।

# प्रदेश में सात नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को तीन जिलों में 7 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच केवल 2 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 88 हो गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में 5 तथा प्रतापगढ़ और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले राज्य में मंगलवार को मात्र एक ही मरीज पाया गया था। इधर आज जयपुर में जवाहर नगर और वैशाली नगर में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं 3 संक्रमितों का पता गलत होने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका है। राज्य में बुधवार को 8 हजार से ज्यादा जांचे की गई है।

हालांकि इस बीच प्रदेश में केवल 2 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 88 हो गए हैं। इनमें जयपुर में 73 लोगों का इलाज चल रहा हैं। प्रदेश में बुधवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

# 685 नवीन पद सृजित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 10 चिकित्सा महाविद्यालयों में विभिन्न श्रेणी के चिकित्सकों के 685 नवीन पदों के सृजन को मंजूरी प्रदान की है।

# 'पेपर लीक की हो सीबीआई जाँच'

**जयपुर।** भाजपा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस की छापेमारी से कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि भूपेन्द्र सारण और सुरेश ढाका एसओजी की मिलिभगत से सुरक्षित जगह पर पहुंच चुके हैं। जिस अधिकारी ने दोनों की मदद की है उसका नाम मैं पहले ही एडीजी अशोक राठौड़ को दे चुका हूं। पेपर लीक में दोनों की लिप्तता रात को ही सामने आ गई थी तो तुरंत गिरफ्तार क्यों नहीं किया? दोनों को भागने का मौका क्यों दिया गया? पुरानी मिलिभगत की पुख्ता सूचना होने के बाद भी एडीजी ने अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं की?


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2023 के लिए भारत सरकार का कैलेंडर जारी किया

- कैलेंडर की 11 लाख प्रतियां छापी जाएंगी, 2.5 लाख क्षेत्रीय भाषाओं में होंगी
- 13 भाषाओं में छापा गया कैलेंडर देश भर के सभी सरकारी कार्यालयों और पंचायतों में वितरित किया जाएगा

**जयपुर, (का.सं.)।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज वर्ष 2023 के लिए भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर जारी किया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि कैलेंडर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के भरोसे का प्रतिबिंब है।

उन्होंने जोशपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रहे भारत को दर्शाने वाली 12 छवियों के एक प्रभावशाली संग्रह वाले कैलेंडर की सराहना की। उन्होंने कहा कि 12 महीनों के लिए 12 थीम सरकार द्वारा लोक कल्याण के लिए किए गए ज़ोरदार प्रयासों की एक झलक है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने याद दिलाया कि कैलेंडर को दो साल के अंतराल के बाद वास्तविक रूप से कागज पर मुद्रित किया जा रहा है, जबकि दो वर्ष तक कैलेंडर केवल डिजिटल रूप में लाया गया। ठाकुर ने इसे सरकार की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक बताते हुए कहा कि इस वर्ष कैलेंडर डिजिटल और भौतिक दोनों रूपों में उपलब्ध है जो सरकार के प्रयासों व कल्याणकारी उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए एक प्रसार माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि इस संदेश के वितरण का उद्देश्य देश में सभी पंचायतों को कैलेंडर वितरित करके जमीनी स्तर तक ले जाना है।




केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को वर्ष 2023 के लिये भारत सरकार का अधिकारिक कैलेंडर जारी किया।

# हम अखंड भारत के पुजारी : निम्बाराम

**जयपुर।** स्वाधीनता संग्राम 1857 से शुरू हुआ। आजादी की बलिवेदी पर लाखों प्राण प्रसून चढ़े हैं। सेठ साहूकारों से लेकर किसान,मजदूर, जनजातीय समाज व पुरूष ही नहीं महिलाएं भी इसमें शामिल थीं। तीन लाख से अधिक लोगों ने यह स्वतंत्रता संग्राम लड़ा। महात्मा गांधी तो 1915 में आए। इससे पहले डॉ.हेडगेवार स्वयं क्रांतिकारियों के नेता थे, जिन्होंने आगे चलकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। जो लोग आज भारत जोड़ने की बात करते हैं, तो सवाल उठता है कि तोड़ा किसने। हम अखंड भारत के पुजारी हैं। विभाजन केवल राष्ट्र का ही नहीं हुआ बल्कि राष्ट्र गीत वंदेमातरम का भी हुआ और राष्ट्र का ध्वज भी बदल दिया गया। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने जयपुर में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में व्यक्त किए।

लेखक याजवेंद्र यादव द्वारा लिखित पुस्तक 'तुष्टिकरण की यात्रा 1921-2021-सैक्युलर्स एंड लिबरल्स' पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा यह पुस्तक एक प्रकार से शोध ग्रंथ है।


**NAME CHANGE**

I have changed my name from Ramesh Chand to Ramesh Chand Bhatia S/o Udho Dass Bhatia for all purpose. Resi.: 2/421, Jawahar Nagar, Jaipur

मैंने मेरा नाम हरीश कुमार से बदलकर हरीश बालानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी परिवर्तित नाम से जाना व पहचाना जाए। हरीश बालानी पुत्र जमनादास, तेली दरवाजा रोड, पोस्ट ऑफिस के सामने, सांभरलेक, जिला जयपुर (राज.)

**PUBLIC NOTICE**

Our House No-250/9, Pratap Enclave, Pratap Nagar Jaipur, RHB Original Allotment No - 1219 Issue Dated - 10/06/2009,are Lost Date..... if Meet any Person Contact-Pulkit Singhal & Harshit Singhal, Mobile No-9166888997

**खोया पाया**

आवास संख्या 124/258 मानसरोवर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। हेमलता, मो. 9983727879

हमारे मकान 32/186 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर के Allotment Letter एवं Possession Letter कहीं खो गये है कृपया मिलने पर सूचित करें। विनीत पारीक, एकता पारीक 9982008880

**राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर जयपुर**

क्रमांक: 13168 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 28.12.2022

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 29/F-51(GF) (LIG), (एरिया 29.771 वर्गमीटर) का आवंटन श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्री हरीशचन्द श्रीवास्तव को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9923 दिनांक 12.12.2014 को जारी किया गया था। श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 22.07.2020 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री संजीव श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द श्रीवास्तव द्वारा आवासन मण्डल मे फ्लैट पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उक्तफ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री संजीव श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री हरीशचन्द श्रीवास्तव का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **भवदीय**

**संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मं. जयपुर**

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/5630 दिनांक-27.12.2022

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा 15 प्रतिशत विकसित भूखण्ड संख्या 11/183, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री बाबू नारायण पुत्र श्री हरिनारायण शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 0109 दिनांक 27.09.1996 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 28.09.1996 को प्राप्त कर लिया गया था। श्री बाबू नारायण पुत्र श्री हरिनारायण शर्मा के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री सीताराम शर्मा एवं श्रीमती मिथलेश शर्मा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 01.12.1999 को करवाया गया। श्रीमती मिथलेश शर्मा की मृत्यु दिनांक 20.01.2021 को हो जाने के कारण इनके पति/पुत्र श्री सीताराम शर्मा पुत्र श्री वृद्धि चन्द शर्मा एवं श्री समीर शर्मा पुत्र श्री सीताराम शर्मा ने 1/2 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सीताराम शर्मा पुत्र श्री वृद्धि चन्द शर्मा एवं श्री समीर शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**

(प.दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)

(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)

क्रमांक-एफ6()उपा. राज-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज/2022/1630

**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-28/12/2022

मूल भूखण्ड संख्या ए-22, मोती डूंगरी योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा मेजर मलकित सिंह (एम.एस.जर्ग) के नाम से क्षेत्रफल 1567.2 वर्गगज भूमि का आवंटन एवं पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 31.08.1965 को श्री एम.एस.जर्ग बहैसियत मुख्त्यारखास श्रीमती नरेन्द्र कौर पत्नी श्री एम.एस.जर्ग द्वारा भूखण्ड संख्या ए-22, मोती डूंगरी योजना, जयपुर श्री महेश चन्द्र गोयल पुत्र श्री लुणकरण गोयल को बेचान किया गया। दिनांक 09.02.1966 को इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-22, मोती डूंगरी योजना, जयपुर श्री एम.सी.गोयल के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 11.08.1966 को श्री महेश चन्द्र गोयल द्वारा भूखण्डसंख्या ए-22, मोती डूंगरी योजना, जयपुर क्षेत्रफल 1567.2 वर्गगज श्रीमती ललिता जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र जैन एवं श्री प्रकाश चन्द्र जैन पुत्र श्री राय शाहिब गुलाब चन्द्र जैन को बेचान किया गया। दिनांक 30.10.2013 को श्रीमती ललिता जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र जेन एवं श्री प्रकाश चन्द्र जैन पुत्र श्री राय शाहिब गुलाब चन्द्र जैन द्वारा भूखण्ड संख्या ए-22 मोती डूंगरी योजना, जयपुर क्षेत्रफल 1567.2 वर्गगज श्री आदित्य जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द्र जैन के पक्ष में रजिस्टर्ड गिफ्ट डीड का निष्पादन किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड गिफ्ट डीड, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री आदित्य जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द्र जैन के पक्ष में क्षेत्रफल 1567.2 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। (सोहन राम चौधरी)

उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर